<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

होम साइंस नाइट 'कल्पनाकृति 2024' का आयोजन

पन्तनगर। 31 मई 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में होम साइंस सोसाइटी द्वारा होम साइंस नाइट **'कल्पनाकृति 2024'** का आयोजन स्टाफ काउंसलर डा. शेफाली मैसी एवं को–स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह के दिशा निर्देशों मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में कार्यवाहक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ओमप्रकाश, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अलका गोयल एवं अन्य महाविद्यालयों के अधिष्ठाता व निदेशक उपस्थित थे। कार्यक्रमों की शुरूआत अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात् प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। देवी वंदना, कुमाऊनी संस्कृति एवं लोक गीत, म्यूजिकल नाटक, समूह गायन, भंगडा, गिद्दा, सालसा नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य, राजस्थानी नृत्य, रैम्पवॉक, रेट्रो डांस तथा युगल नृत्य ने वहां मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। डा. अलका गोयल एवं डा. ओम प्रकाश ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को संबोधित कर सभी छात्र छात्राओं की सराहना की एवं उनका बढ़ाया। शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में होम साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा होम साइंस सोसाइटी 2023–24 में नियुक्त सभी सोसाइटी सदस्यों को भी पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन कर उन्हें आने वाले शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रोत्साहित किया। होम साइंस सोसाइटी की को–स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह ने सभी अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

1. विद्यार्थियों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अधिकारीगण।

निदेशक संचार